卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 274 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦15 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए बनाई रणनीति

### प्रदेश कार्य समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित, नवनिर्वाचित सांसदों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव और उपचुनावों की समीक्षा के साथ ही आगामी निकाय चुनाव को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक का शुभारम्भ प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहरलाल खट्टर ,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस





अवसर पर प्रदर्शनी मंडल का शुभारंभ एवं पौधारोपण भी किया गया। बैठक के दौरान राज्य में संगठनात्मक कार्ययोजनाओं पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के साथ ही हाल में हुए विधानसभा की दो सीटों के उपचुनाव के अलावा नगर निकाय चुनावों के संबंध में व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में एक पेड़ मां के नाम अभियान समेत आगामी कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश की कमान संभालने पर बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी राज्य के मुख्य सेवक के रूप में तीन साल पूर्ण होने पर बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावां लोस चुनाव का विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा समेत सभी नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करने के साथ ही लोस चुनाव में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले बूथों के अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा का (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं निकटवर्ती ग्राम लालपुर में अज्ञात कारणों से एक युवक ने घर के पास खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा तो उसकी सूचना परिजनों को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस कर्मी भी वहां आ पहुंचे और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



भिजवाया। जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी 24 वर्षीय श्याम सिंह पुत्र अमरीक सिंह महेन्द्रा कम्पनी में वाहन चलाने का काम करता था। गत सायं ग्रामीणों ने उसका शव खेत में लगे पेड़ पर लटका देखा। उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। जिस पर परिजन मौके पर आ गये और उनमें कोहराम मच (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमिश्नर ने प्राधिकरण कार्यालय में मारा छापा

### छापे की कार्रवाई से अधिकारियों कर्मचारियों में मचा हड़कम्प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमांऊ कमिश्नर दीपक रावत ने सोमवार सुबह विकास प्राधिकरण कार्यालय एवं एसडीएम कोर्ट परिसर में औचक छापा मारा। जिससे वहां हड़कम्प मच गया। छापे की कार्रवाई के दौरान कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने एसडीएम कोर्ट स्थित एसडीएम कार्यालय,सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय और प्राधिकरण के कार्यालय का निरीक्षण किया और वहा हो रहे कामकाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा समय–समय पर इस तरह के छापेमारी बेहद जरूरी है। क्योंकि सरकारी ऑफिस में तैनात कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर किस समय आते हैं और जनहित के कार्य को वह कैसे करते हैं इसके बारे में पता लगता है।कुमाऊं कमिश्नर दीपक



रावत की छापेमारी से अधिकारियों कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान दीपक रावत ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों को पारदर्शिता से कराया जाये। जनता को बिना वजह कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर ना होना पड़े। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी कर्मचारी सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतेंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## बाइक सवार उचक्कों ने न्यायालय कर्मी का मोबाइल झपटा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में राह चलते लोगों से मोबाइल लूट की घटनायें थम नहीं रही हैं। बाइक सवार उचक्कों ने अब एक न्यायालय कर्मी को निशाना बनाकर हाथ से मोबाइल झपट लिया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गयी है। जानकारी के अनुसार सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट में तैनात पुराना कोर्ट परिसर निवासी हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी सुबह किच्छा बाईपास रोड पर मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान आंचल पशु आहार निर्माणशाला के पास बिना नंबर की बाइक पर सवार होकर आये दो बदमाशों ने हरविंदर सिंह के हाथ से उनका वन प्लस मोबाइल छीन लिया और फरार हो गये। बाइक सवार बदमाशों में से एक ने हैलमेट(शेष पृष्ठ सात पर)

## अमरनाथ यात्रा से लौटे जत्थे का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल के बैनतरले बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए गये अमरनाथ जी सेवा मण्डल के बैनतरले इस बार 90 यात्रियों का जत्था 7 जुलाई को रवाना हुआ था। दिल्ली पहुंचने के ट्रेन से वापस रूद्रपुर पहुंचा। जत्थे में शामिल श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल के सुनील ठुकराल, विकास शर्मा , राजकुमार अशोक गुंबर, अशोक गुंबर ,जगदीश टंडन ,अर्पित पाल, सुमित घई, लक्ष्य अरोड़ा, बलवान सिंह ,आरव डाला





श्रद्धालुओं का दल आज यात्रा पूरी करके वापस लौटा। रेलवे स्टेशन पहुंचने पर तीर्थ यात्रियों का शहर के श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। बता दें श्री बाद जत्थे ने आगे की यात्रा हवाई मार्ग से की। बाबा बर्फानी के दर्शन के साथ ही विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन के बाद यात्रियों का जत्था सोमवार को गरीब रथ खनिजो महेश छाबड़ा गुलशन छाबड़ा, रेनू अरोरा सनी बब्बर, किशन नारंग, अशोक भल्ला,निशांत ढल्ला ,राजन राठौर, अजय लूथरा, सुरेश छावड़ा, राजीव मिडडा, ,कुशल मलिक,प्रेम अरोड़ा, रमेश कालरा, हिमांशु दुआ ,सुशील नारंग, कालू नारंग, संदीप मिश्रा,शिवम नरूला,मीना अग्रवाल ,आशा गर्ग ,आशा (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला ने टिहरी झील में छलांग लगाकर दी जान

टिहरी(उद संवाददाता)। एक महिला ने डोबरा–चांठी पुल से टिहरी झील में छलांग लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतका की पहचान प्राची देवी पत्नी संजय उनियाल के रूप में हुई है। वह अपने पीछे 9–10 साल के दो मासूम बेटों सहित भरे पूरे परिवार को छोड़ गई है। वर्तमान में उनका परिवार मसूरी में रहता है। पति संजय होटल में नौकरी करते हैं। इस दुखद घटना से जहां मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से टिहरी गढ़वाल जिले के प्रतापनगर क्षेत्र के ओण पट्टी के पणसूत गांव निवासी प्राची पत्नी संजय उनियाल अचानक डोबरा चांठी पुल पर पहुंची। बताया गया है कि उस वक्त घटना स्थल के आसपास कोई नहीं था। अचानक प्राची पुल के किनारे लगे लोहे के एंगल पर चढ़ गई और झील में छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने काफी खोजबीन के प्राची के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह डोबरा से चांठी की ओर जा रही यह महिला पुल में चप्पल रखकर एंगिल पर चढ़ती है और देखते ही देखते झील में छलांग लगा देती है।

आवश्यकता है
समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता
सम्पर्क करे– 9897427586

## शातिर ठगों ने चिकित्सक को सम्मोहित कर अंगूठी हड़पी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रसेन चौक पर बाजार से सामान लेकर आ रही महिला से चाकू की नोक सोने के कुंडल लूट लिये जाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि गत दिवस काशीपुर बाईपास मार्ग पर गुरूनानक बालिका इंटर कालेज के सामने मंदिर के पास बाईक सवार दो अज्ञात युवकों ने पैदल जा रहे आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी के वरिष्ठ निजी चिकित्सक को रोककर उन्हें अपनी बातों के जाल में फंसाकर उनसे सोने की अंगूठी उतरवाकर ले ली और चकमा देकर मौके से फरार हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी निवासी करीब तीन दशकों से बंगाली कालोनी के मुख्य मार्ग पर अपने



निजी क्लीनिक से रोगियों का उपचार कर रहे करीब 75 वर्षीय चिकित्सक डा. ईश्वर मल्लिक ने बताया कि गत दिवस दोपहर करीब 12 बजे वह पैदल काशीपुर बाईपास मार्ग के आदर्श कालोनी तिराहा पर मंदिर के सामने से पैदल घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बाईक सवार दो युवक उसके पास आये और उन्हें रोक कर बातचीत करने लगे। एक युवक ने अपनी शादी का निमंत्रण देते हुए कहा कि उसने अंगूठी बनवाई है लेकिन लड़की को पसंद नहीं आ रही है। इतना कहने के बाद उसने अपनी बातों में उलझा लिया। डाक्टर ने बताया कि उनकी बातों में आकर उन्होंने अपनी करीब 25 वर्ष पहले की सोने की अंगूठी अंगूली से उतार कर उस युवक के हवाले कर दी। इस बीच एक युवक यह अंगूठी वह सुनार को दिखाकर आता है कहकर वहां से चला गया। उसके जाने के कुछ लम्हों के बाद दूसरा (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।
सम्पर्क करे– 9897427586

# प्रदेश में भूस्खलन से कई सड़कें बाधित

देहरादून। वर्षाकाल शुरू होने के साथ ही प्रदेशभर में राजमार्गों पर भूस्खलन क्षेत्र सक्रिय हो गए हैं। इस कारण सड़कें निरंतर बाधित हो रही हैं और यात्रियों को आवाजाही के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस वर्षाकाल में भूस्खलन क्षेत्रों में राजमार्ग अवरुद्ध होने से 350 घंटे से ज्यादा समय तक आवाजाही बाधित रही है। कई भूस्खलन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां वर्षा नहीं होने पर भी पहाड़ियों से पत्थर और मलबा गिर रहा है। कुछ राजमार्गों पर नए भूस्खलन क्षेत्र भी उभर आए हैं। इससे यात्रियों के साथ प्रशासन की चुनौती भी दोगुनी हो गई है। सर्वाधिक सात नए भूस्खलन क्षेत्र चमोली जिले में बदरीनाथ राजमार्ग पर उभरे हैं। राजमार्ग बंद होने से यात्रियों और स्थानीय निवासियों के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी दूध , रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, सब्जी और खाद्य सामग्री की आवक थमने से होती है। चमोली जिले से एकमात्र बदरीनाथ राजमार्ग गुजरता है। गौचर से बदरीनाथ धाम तक 131 किमी लंबे इस राजमार्ग पर कुल 17 भूस्खलन क्षेत्र हैं। इनमें सात भूस्खलन क्षेत्र पीपलकोटी के पास, जोशीमठ-जोगीधारा के बीच, भनेरपानी, पातालगंगा, टैया पुल, घुड़सिल, चटवापीपल इसी वर्षाकाल में उभरे हैं।बीते दिनों जोशीमठ-जोगीधारा के बीच भूस्खलन होने से लगातार 84 घंटे तक राजमार्ग बाधित रहा। इसके अलावा पुराने भूस्खलन क्षेत्र नंदप्रयाग, पागलनाला, टंगणी, लामबगड़ नाला, कचनगंगा, कमेड़ा, मैठाणा, क्षेत्रपाल, बिरही चाड़ा, हाथी पहाड़ भी चुनौती बने हुए हैं। इस कारण लगभग 200 घंटे तक आवाजाही बाधित रही।टिहरी गढ़वाल जिले के अंतर्गत दो राजमार्ग हैं। ऋषिकेश-गंगोत्री राजमार्ग पर दो भूस्खलन क्षेत्र बगड़धार और संयासू



सक्रिय हैं। जबकि, ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर शिवपुरी और बछेलीखाल में रुक-रुक कर भूस्खलन हो रहा है। वर्षाकाल में अब तक चारों भूस्खलन क्षेत्र 10 से अधिक बार बंद हो चुके हैं। इस कारण लगभग 50 घंटे तक आवाजाही बाधित रही।रुद्रप्रयाग जिले में 76 किमी लंबे गौरीकुंड (केदारनाथ) राष्ट्रीय राजमार्ग पर 13 भूस्खलन क्षेत्र भटवाड़ीसैंण, नैल, रामपुर, सिल्ली, चंद्रापुरी, बांसवाड़ा, काकड़ा गाड़, कुंड, सेमी, नारायणकोटी, देवीधार, फाटा, मुनकटिया सक्रिय हैं। इनमें कई भूस्खलन क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां वर्षा नहीं होने पर भी पहाड़ी से पत्थर गिरने लगते हैं।जिले में बदरीनाथ राजमार्ग का भी 40 किमी हिस्सा पड़ता है। इस मार्ग पर सिरोबगड़, खांखरा, नरकोटा, जवाड़ी बाईपास, शिवानंदी में भूस्खलन क्षेत्र हैं। सिरोबगड़ समेत पूरे मार्ग पर कब और किस जगह पहाड़ी से पत्थर गिरने लगें, कहा नहीं जा सकता। दोनों राजमार्ग पर कोई नया भूस्खलन क्षेत्र विकसित नहीं हुआ है। वर्षाकाल में दोनों राजमार्ग अब तक 55 घंटे से अधिक बंद रहे हैं। पौड़ी जिले में इन दिनों नजीबाबाद-बुआखाल राजमार्ग ही कोटद्वार और दुगड्डा के बीच दो स्थानों पर भूस्खलन से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। चारधाम यात्रा रूट नहीं होने के कारण इस मार्ग पर यात्रियों के फंसने के कम ही मामले सामने आते हैं। इस वर्षाकाल में यह मार्ग 30 घंटे से अधिक अवरुद्ध रहा है।इसके अलावा पौड़ी-श्रीनगर राजमार्ग पर मल्ली के समीप भूस्खलन क्षेत्र खतरा बना हुआ है। थलीसैंण- बूंगीधार, कर्णप्रयाग नौटी-पैठाणी, टिहरी हिंडोलाखाल-देवप्रयाग व्यासघाट बिलखेत और धमाकोट-पीपली मोटर मार्ग पर भी एक-एक भूस्खलन क्षेत्र हैं। नया भूस्खलन क्षेत्र कोई भी नहीं बना है।उत्तरकाशी जिले में दो राजमार्ग हैं और दोनों पर नए भूस्खलन क्षेत्र नहीं उभरे हैं। लेकिन, धरासू से जानकीचट्टी तक 110 किमी लंबे यमुनोत्री राजमार्ग पर जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर धरासू बैंड और यमुनोत्री धाम से 32 किमी पहले डाबरकोट भूस्खलन क्षेत्र चुनौती बने हुए हैं। यहां मलबा आने से अक्सर मार्ग बंद हो रहा है। इस कारण अब तक डाबरकोट के पास करीब 15 घंटे और धरासू बैंड के पास करीब आठ घंटे राजमार्ग अवरुद्ध रहा। यमुनोत्री धाम से 32 किमी पहले करीब 500 मीटर क्षेत्र में फैला डाबरकोट भूस्खलन क्षेत्र वर्ष 2017 से सक्रिय है। इसी तरह चिन्यालीसौड़ से गंगोत्री धाम तक 140 किमी लंबे गंगोत्री राजमार्ग पर सात भूस्खलन क्षेत्र हैं, लेकिन वर्षा बेहद कम होने से अभी कोई भूस्खलन क्षेत्र सक्रिय नहीं हुआ।

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया टिहरी बांध का निरीक्षण

नई दिटहरी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने टिहरी बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन पीएसपी (पम्प स्टोरेज प्लांट) परियोजना की प्रगति पूछी। कहा कि राष्ट्र को उर्जा और जल, सिंचाई के क्षेत्र में देश के लिए टिहरी बांध का महत्वपूर्ण योगदान है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएसपी बनने से टिहरी बांध अपनी सम्पूर्ण क्षमता 2400 मेगावाट विधुत उत्पाद शुरू कर देगा। टीएचडीसी ने सीएमडी आरके विश्नोई, निदेशक (तकनीक) भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (कार्मिक) शैलेंद्र सिंह, अधिशासी निदेशक टिहरी परियोजना एलपी जोशी ने बताया कि पीएसपी प्रोजेक्ट के सिविल कार्य लगभग पूरे हो गए हैं। परियोजना की पहली दो यूनिट (250'2=500 मेगावाट) की कमीशनिंग अगस्त माह में होने की संभावना है। 1000 मेगावाट की पीएसपी परियोजना देश के पहली परियोजना है जो पानी को रिवर्स कर विद्युत उत्पादन करेगी।



## रूद्रपुर में 250 से अधिक लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी होने से मचा हड़कंप

रूद्रपुर। रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में तीन कालोनियों के बाशिंदों को नगर निगम और सिंचाई विभाग की ओर से नाले की जमीन खाली करने के नोटिस से खलबली मची है। कांग्रेस नेताओं ने मोहल्ले के लोगों से मिलकर आशियाने बचाने के लिए पूरी मदद करने का भरोसा दिया है। क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी, नारायण कॉलोनी और गड्ढा कालोनी में दो दिनों से जिला प्रशासन की ओर से गठित संयुक्त टीम ने सर्वे के बाद 250 से अधिक लोगों को नोटिस दिए हैं। इसमें नाले के दोनों तरफ 20-20 मीटर जगह पर किए गए निर्माण को हटाने को कहा गया है। क्योंकि उस दायरे में बड़ी संख्या में लोगों के पक्के घर आ रहे हैं और नोटिस से उनकी नींद उड़ी है। रविवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने मोहल्लों के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिस नाले से निर्माण हटाने की बात कही जा रही है, वो किसी नदी या नहर से कनेक्ट नहीं है। लोगों के घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए बनाया गया नाला है। कहा कि नगर निगम की ओ से कोई मानक तय नहीं है। कहीं 20 मीटर तो कहीं 40 मीटर पर लाल निशान लगाकर भय का वातावरण बनाया जा रहा है। कहा कि भाजपा राज में गरीबों को उजाड़ा जा रहा है। कांग्रेस गरीबों को उजाड़ने से बचाने के लिए किसी भी स्तर तक लड़ाई लड़ेगी। सड़क से लेकर अदालत तक जनता की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरा रामधारी गंगवार, सतीश कुमार, ओमप्रकाश गंगवार, मनीष यादव, शीशपाल, राहुल शर्मा, अनिता देवी और शशि आदि मौजूद रहे। इधर सिंचाई विभाग के ईई प्रकाश चंद्र पांडेय ने बताया कि नगर निगम और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम नदी, नालों का निरीक्षण कर चिन्हित अतिक्रमण को हटाने के नोटिस दे रही है।

## एसएसपी ने किये 34 पुलिस कर्मियों के किये तबादले

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने जिले की कानून व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए 34 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों के तबादले किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी हेड कांस्टेबल भुवनेश सिंह को पंतनगर से थाना कुण्डा, रराम किशन को कुण्डा से पंतनगर, भुवन चन्द्र आर्या को पुलिस लाईन से जीडी कार्यालय पुलिस लाईन, महेश चन्द्र दुम्का को कोतवाली रूद्रपुर से सितारगंज, तपेन्द्र जोशी को खटीमा कोतवाली से जसपुर, कांस्टेबल संजय रावत को जीडी कार्यालय पुलिस लाईन से थाना पंतनगर, नवीन शर्मा को पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर से थाना कुण्डा, हरीश प्रसाद को थाना कुण्डा से



थाना आईटीआई, पीयूष भट्ट को जसपुर से काशीपुर, दीप चन्द्र को थाना कुण्डा से कोतवाली रूद्रपुर, दिनेश बिष्ट को पुलिस लाईन से थाना गदरपरु, महेश राम को पुलिस लाईन से कोतवाली खटीमा, समीर कुमार चौहान को कोतवाली बाजपुर से कोतवाली जसपुर, मोहन सिंह, को एसओजी रूद्रपुर से कोतवाली खटीमा, किरण काम्बोज को पुलिस लाईन से थाना गदरपुर, दिलीप कुमार को थाना आईटीआई से कोतवाली रूद्रपुर, हरिशंकर कन्याल को पुलिस लाईन से थाना केलाखेड़ा, रमेश चन्द्र आर्या को कोतवाली सितारगंज से कोतवाली रूद्रपुर, विकास चंद को कोतवाली रूद्रपुर से दिनेशपुर, नेहा पाण्डे को पुलिस लाईन से थाना केलाखेड़ा, शंकर भाकुनी को पुलिस लाईन से यातायात रूद्रपुर, नवीन कन्याल को खटीमा कोतवाली से थाना पंतनगर, कमल रावत को पुलिस लाईन से कोतवाली किच्छा, जितेन्द्र कुमार को पुलिस लाईन से थाना झनकईया, उषा कुल्याल को पुलिस लाईन से चौकी सिडकुल सितारगंज, संजय रावत को पुलिस लाईन से पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर, गोपाल पाण्डे को पुलिस लाईन से कोतवाली सितारगंज, राजेन्द्र जोशी को थाना झनकईया से थाना आईटीआई, अशोक सिंह कालाकोटी को कोतवाली बाजपुर से थाना दिनेशपुर, विशाल कुमार रावत को कोतवाली रूद्रपुर से थाना आईटीआई, दिनेश चन्द्र को थाना ट्रांजिट कैम्प से कोतवाली बाजपुर, अनुज त्यागी को कोतवाली बाजपुर से थाना आईटीआई, जितेन्द्र राय को आईटीआई से कोतवाली सितारगंज, अमित कुमार राणा को थाना आईटीआई से कोतवाली खटीमा स्थानांतरित किया गया है।

## हरेला पर्व पर किया पौधारोपण

गदरपुर । हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण एवं उनका संरक्षण करने के लिए बच्चों को जागरुक करते हुए गुरु नानक पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम किया गया। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर एक गुरुद्वारा परिसर स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य चंपा पांडे के दिशा निर्देशन में अध्यापिकाओं एवं बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाते हुए झाड़ियां एवं घास की सफाई की गई । तत्पश्चात प्रधानाचार्य चंपा पांडे ने बच्चों को हरेला पर्व की की शुभकामनाएं देते हुए वृक्षों का पर्यावरण संरक्षण एवं हमारे जीवन में क्या योगदान होता है? विषय पर जानकारी प्रदान की और परिसर में फलदार एवं छायादार कई पौधे रोपकर उनके पालन पोषण का बच्चों को संकल्प कराया । इस मौके पर रीमा ,आयशा, सोनाक्षी, आयुषी, बरीरा ,आलिया ,गुलफिजा, अलीशा ,आमिर, अरशान, निजाम, सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे।





# कमाई का साधन बन चुकी हैं बार्डर पर स्थापित चौकियां

## वाहनों से अवैध वसूली, जरायम कारोबार को संरक्षण खाईखेड़ा में कच्ची शराब कारोबारियों पर वर्दी मेहरबान

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के सख्त निर्देश के बावजूद यहां आईटीआई थाना क्षेत्र की पैगा पुलिस चौकी तथा कुंडा थाना क्षेत्र की सूर्या पुलिस चौकी में तैनात कुछ हेकड़ किस्म के पुलिसकर्मी अधिकारियों की शह पर भीषण उगाही में लिप्त बताये जा रहे हैं। ऐसे पुलिसकर्मियों को कारखास का दर्जा दिया गया है। अपुष्ट सूत्रों ने बताया कि पूरे थाने चौकियों के तमाम खर्च व लेन-देन का हिसाब-किताब इन्हीं के पास होता है। ऐसे पुलिसकर्मी खास इसलिए भी होते हैं कि जरायम कारोबारियों तथा अपराधी तत्वों को इनका संरक्षण होता है। ऐसे लोगों से यह बाकायदा महीना वसूल करते हैं और हाबा डाबा आने इन्हें सचेत भी कर दिया जाता है। एसएसपी को चाहिए कि उच्चस्तरीय जांच कराकर ऐसे




पुलिसकर्मियों को सूचीबद्ध करते हुए इनके खिलाफ विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाय ताकि उत्तराखंड पुलिस के मित्रता सेवा सुरक्षा जैसे जुमले की अस्मिता को बचाया जा सके। जानकारी के मुताबिक अलीगंज रोड पर राज्य की सीमा के करीब स्थापित पैगा पुलिस चौकी पिछले कुछ समय से अवैध कमाई का साधन बनीं है। जानकार बताते हैं कि काफी समय से कानून की आंख में धूल झोंककर कुछ भ्रष्ट किस्म के पुलिसकर्मियों द्वारा ईंटों से ओवरलोड दर्जनों ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्रालियों को सुविधा शुल्क के बूते राज्य की सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। दर्जनों स्थानों पर कच्ची शराब के अवैध अड्डे आबाद हैं तो चौकी क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा, कटैया,बरखेड़ी, कनकपुर आदि गांवों में जरायम कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। सूत्रों ने बताया कि कच्ची शराब के कारोबारियों से पुलिस की सांठगांठ है। कमोवेश ऐसा ही कुछ हाल मुरादाबाद रोड पर स्थापित कुंडा थाने की सूर्या पुलिस चौकी का है। इस चौकी के आसपास अक्सर दलाल सक्रिय देखें जाते हैं। राज्य की सीमा पर स्थापित चौकी से यूपी दिल्ली आदि से आने वाले लाइट हैवी वाहनों को सुविध ा शुल्क के बूते राज्य की सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। ठाकुरद्वारा से ईंटों भरे दर्जनों वाहन भी इसी मार्ग से सुबह सवेरे राज्य की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। सूर्या पुलिस चौकी क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी अड्डों के अलावा कुछ स्थानों पर स्मैक व चरस (सुल्फा) बिक्री किए जाने की सूचना है। इस तरह की विषम परिस्थितियों में सीमावर्ती क्षेत्र कहां और किस हद तक सुरक्षित है यह यक्ष प्रश्न है।

# आर्य समाज रम्पुरा की प्रतिभा प्रधान और अशोक मंत्री बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य समाज रम्पुरा कार्यकारिणी का चुनाव निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से श्रीमती डा. प्रतिभा शास्त्री प्रधान, शांति किशन आर्य उप प्रधान, डा. अशोक आर्य मंत्री, नरपति सिंह आर्य कोषाध्यक्ष, श्रीमती सुमेधा आर्या उप मंत्री, अमित आर्य संयुक्त मंत्री, प्रमित आर्य उप कोषाध्यक्ष, विनित कुमार पाठक निरीक्षक आय व्यय लेखा तथा एड. सुशील आर्य को अधिष्ठाता आर्यवीर दल बनाया गया। सभी ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी है।

# सुपर मार्केट से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत दिवस सुपर मार्केट में दुकान के आगे खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। सुनील कुमार पुत्र मंगत राम ने कहा है कि उसकी सुपर मार्केट न्यू बीएस आटो स्पेयर्स नाम से गोल मार्केट में दुकान है। 11जुलाई को उसका वाहन संख्या यूके 06एवी 4892 उसकी दुकान के बाहर खड़ा था। सायं काल उसने देखा कि उसका उक्त वाहन खड़े किये गये स्थान पर नही था। काफी तलाशने के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला। अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी कर लिया गया है। जिसकी तत्काल सूचना 112 के माध्यम से दर्ज करा दी थी। पुलिस मे घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।






# गुरू रामदास जी सेवा ट्रस्ट के सेवादारों को किया सम्मानित

रूद्रपुर।गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट की ओर से चल रही 2100 कॉपी की सेवा संपूर्ण होने पर ग्राम कनकपुर स्थित गोलोक धाम गौशाला में बैठक आयोजित की गयी। अभियान के समापन के अवसर पर गुरु रामदास जी सेवा ट्रस्ट की ओर से सभी कॉपी की सेवा करने वाले सेवादारों को गौशाला के मुख्य पंडित नारद जोशी



, अमित मदान, बिट्टू छाबड़ा, सुरेंद्र गाबा, हरविंदर सिंह चुघ सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले सदस्यों में सन्नी गाबा, नीरज उपाध्याय,प्रदीप खालस, जितेंद्र शर्मा, रामवीर यादव,प्रीति खन्ना, अलका अरोड़ा ,ममता जीना,रिंकू पांडे आदि शामिल थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष रविंद्र सिंह चुघ ने सभी का आभार प्रकट किया।






# जनपद में हरेला पर्व पर रोपे जायेंगे पांच लाख पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कल 16 जुलाई को जनपद में हरेला पर्व धूम-धाम से मनाया जायेगा। प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गयी है। हरेला पर्व पर 16 जुलाई से 15 अगस्त तक जनपद में 5 लाख पौधों का रोपण किया



जायेगा। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि हरेला पर्व पर मंगलवार को मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे से पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। इसके साथ ही प्रत्येक ब्लाक, तहसील तथा सभी कार्यालय परिसर में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगें। उन्होने पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को अमंत्रित करने के साथ ही कार्यक्रम में जन सहभागिता कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम्य विभाग, वन, शिक्षा, उद्यान, कृषि, पंचायत, बाल विकास, जिला विकास प्राधिकरण, नगर निकायों आदि को पौधारोपण के लक्ष्य दे दिये गये है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन कर चलते 80 ई रिक्शा सीज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीपीयू व ट्रेफिक पुलिस द्वारा आज नगर के प्रमुख स्थानों पर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर चल रहे करीब 80 ई रिक्शाओं को सीज कर दिया। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सीपीयू से वार्ता कर सीज किये वाहनों को छोड़ने का आग्रह किया। इससे पूर्व सीपीयू इंस्पेक्टर राकेश बिष्ट के नेतृत्व में सीपीयू व यातायात पुलिस ने नगर के डीडी चौक, इन्द्रा चौक, अग्रसेन चौक, गाबा चौक, विशाल मेगा मार्ट व तीन पानी आदि स्थानों पर विशेष अभियान चलाया। जिसमें वाहनों के कागजात न होने, चालक का डीएल न होने, वाहन में नियमानुसार बायीं ओर जाली न लगी होने, यातायात नियमों का पालन न करने तथा निर्धारित मागों पर न चल अन्य मार्गों पर चलने वाले वाहनों को सीज कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व



विधायक राजकुमार ठुकराल ने सीपीयू इंस्पेक्टर राकेश बिष्ट के साथ वार्ता कर कहा कि इससे वाहन चालकों के समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। परिवार के भरण पोषण में परेशानियां आयेंगी। जिस पर सीपीयू इंस्पेक्टर ने साफ कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों को बख्शा नहीं जायेगा। जिस पर ठुकराल ने सभी ई रिक्शा चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने को कहा। इस दौरान चुन्नीलाल, हरपाल सिंह, जाहिद, जसवीर सिंह, तौफीक, शकील अहमद, देव कुमार, प्रेमपाल व सुरेश आदि चालक मौजूद थे।

# कमरे में मिला कर्मचारी का शव

हल्द्वानी। हल्द्वानी के कीर्ति विहार गली नंबर दो श्यामपुर ऋषिकेश निवासी ईशान तिवारी (36) का शव शनिवार दोपहर घर में नग्न अवस्था में अचेत मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक कोठगादाम में परीक्षा कराने वाली कंपनी में कार्यरत था। ईशान तिवारी काठगोदाम क्षेत्र स्थित एक बरातघर के पास किराये के मकान में रहता था। ईशान परीक्षाएं आयोजित कराने वाली कंपनी एनसीआईटी में कार्यरत था। ईशान के दोस्त वीरेंद्र ने बताया कि 10 मई को ईशान की नियुक्ति कंपनी के काठगोदाम स्थित कार्यालय में असिस्टेंट टैक्स एडमिस्ट्रेटर के पद पर हुई थी। यहां वह गणपति बरातघर के पास किराये के मकान में रहता था। शुक्रवार को ईशान कंपनी के अल्मोड़ा स्थित कार्यालय से लौटा था। शनिवार को जब वह काफी देर तक ऑफिस नहीं आया तो कई बार कॉल और व्हाट्सएप मैसेज किए लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को 108 एंबुलेंस से एसटीएच भिजवाया जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि रविवार को ईशान के परिजन हल्द्वानी पहुंचे जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया।

# बाथरूम में पड़ा मिला दुकानदार का शव

हल्द्वानी। हल्द्वानी में आरटीओ कार्यालय के सामने किराना दुकान संचालक शंकर सिंह बिष्ट (62) का शव दुकान के ही बाथरूम के बाहर पड़ा मिला। परिजन उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूल रानीखेत सचगोड़ी निवासी शंकर सिंह बिष्ट कई वर्षों से परिवार के साथ हल्द्वानी में रह रहे थे। घर के पास ही उनकी दुकान थी। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर उनकी तबीयत खराब हुई। वह दवा लेकर भी आए। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन रात करीब नौ बजे उन्हें दुकान में देखने पहुंचे। इस दौरान बाथरूम के बाहर बुजुर्ग का शव पड़ा था। उधर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी रोडवेज बस, कई यात्री घायल

हरिद्वार। हरिद्वार में रविवार शाम मुरादाबाद रोडवेज डिपो की एक बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनियंत्रित होकर सीसीआर के सामने ऊंचा पुल पर पलट गई और दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग में गेट के पास नीचे जा गिरी। बस के नीचे गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में करीब 20 यात्री घायल हो गए हैं। घटना शाम करीब



साढ़े पांच बजे की है। मुरादाबाद रोडवेज की बस हरिद्वार आई थी। इसी बीच बस अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़ते हुए बस पलटकर दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग के एंट्री गेट पर नीचे गिर गई। पुलिस के मुताबिक बस में लगभग 35 से 40 सवारियां बैठी थीं। 20-25 यात्री घायल हो हुए है । घायलों को 108 एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि घायलों का उपचार चल रहा है।

# सुमन वार्ष्णेय सखी सहेली ग्रुप की अध्यक्ष बनीं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर की वरिष्ठ समाजसेवी सुमन वार्ष्णेय को सखी सहेली ग्रुप का सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। इस सन्दर्भ में ग्रुप की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में सुमन वार्ष्णेय को अध्यक्ष, खुशबू जयसवाल को महामंत्री और मन्ना परगांई को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुमन वार्ष्णेय ने कहा कि वह ग्रुप की सभी सदस्याओं को



साथ लेकर कार्य करेंगीं और वरिष्ठ सदस्याओं का मार्ग दर्शन प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि ग्रुप को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कर्मठ महिलाओं को जोड़ा जायेगा। श्रीमती वार्ष्णेय ने कहा कि ग्रुप द्वारा समाजसेवा के कार्यों का आगे बढ़ाकर विभिन्न त्यौहारों को भी मिलजुल कर मनाया जायेगा। अपने निर्वाचन पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शकुंतला वार्ष्णेय, सुचित्रा जायसवाल, मंजू वार्ष्णेय सहित ग्रुप की सभी सदस्य मौजूद थीं।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के लिए पहुंचे प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम

## निकाय एवं पंचायत चुनाव व सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी की जाएगी चर्चा

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के बाद सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक होगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पूर्व आज शासकीय आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार उपस्थित रहे। ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी परिसर में 15 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार समेत पार्टी के मंत्री विधायक विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर के 1350 पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे। बैठक में जुलाई माह अंत से आरंभ होने वाली सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। उपचुनाव में मिली हार की समीक्षा के साथ ही आगामी निकाय चुनाव की रणनीति पर मंथन किया जाएगा। बैठक



में तीन राजनीतिक प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें मुख्यमंत्री धामी के तीन साल का कार्यकाल और प्रदेश सरकार के विकास कार्यों, निकाय चुनाव और लोकसभा में पांच सीटें जीतने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांच सीटों पर शानदार जीत को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार करने के अतिरिक्त उनके चुनाव के अनुभवों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिन बूथों पर पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया, वहां के कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चर्चा के दौरान चुनाव, सांगठनिक प्रक्रिया और जनकल्याण को लेकर जो भी सुझाव कार्यसमिति में सामने आएंगे, उनको भविष्य की रणनीति बनाने में समाहित किया जाएगा। प्रदेश कार्यसमिति में निकाय एवं पंचायत चुनावों की तैयारी के साथ सांगठनिक चुनावों प्रक्रिया शुरू करने की चर्चा की जाएगी। इस माह के अंत से संगठन चुनाव के लिए सदस्यता अभियान शुरू हो जाएगा। इसके बाद बूथ समितियों, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष का चुनाव कराए जाएंगे। नवंबर माह तक प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# सीएम ने लोगों की शिकायतों और जनसमस्याओं को सुना

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जन



समस्याओं के त्वरित समाधान और उनका समयबद्धता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकांश जन समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता एवं अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी समस्याओं का यथासंभव समाधान किया जायेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सरकारी कार्यालयों में अनावश्यक रूप से न आना पड़े, सरकार द्वारा अधिकांश सेवाएं ऑनलाईन माध्यम से दी जा रही है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की है कि अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से दी जा रही विभिन्न ई-सेवाओं का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को तहसील दिवस और बीडीसी की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये गये हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर ही जन समस्याओं का समाधान करवाना है। सभी जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में जनसुनवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

# उत्तराखंड में कोचिंग सेंटरों पर कसेगा शिकंजा

## प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सरकार से निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में अब कोचिंग सेंटर पर सरकार का शिकंजा कसने जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने शनिवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक



में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के कोचिंग सेंटर के विनियमन को जारी दिशा-निर्देश राज्य में लागू करने को लेकर विस्तृत चर्चा की।बैठक में इस संबंध में केंद्र सरकार के अधिनियम को उत्तराखंड में भी लागू करने पर सहमति व्यक्त की गई। इसके अंतर्गत निजी कोचिंग सेंटर के पंजीकरण को जनपद स्तर पर पंजीकरण प्राधिकारी नामित किया जाएगा।उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बताया कि कोचिंग सेंटर से संबंधित किसी भी विवाद के समाधान को जनपद स्तर पर ही अपीलीय प्राधिकारी का भी गठन होगा। साथ ही प्रत्येक जनपद में एक नियामक संस्था का गठन किया जाएगा।संस्था के अधिकारी निजी कोचिंग संस्थानों का भ्रमण कर निर्धारित मानकों का परीक्षण करते हुए अपनी रिपोर्ट पंजीकरण प्राधिकारी को सौंपेंगे। उसके उपरांत ही संबंधित सेंटर का पंजीकरण किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कैबिनेट में प्रस्तुत करेगा।बैठक में उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली, अपर सचिव आशीष श्रीवास्तव, विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, रुसा के सलाहकार प्रो एमएसएम रावत, प्रो केडी पुरोहित, उच्च शिक्षा निदेशक डा अंजू अग्रवाल, उप सचिव ब्योमेश दुबे, संयुक्त निदेशक डा एएस उनियाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वर्चुअल माध्यम से सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सरकार से निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। इसके लिए उच्च शिक्षा निदेशालय के साथ ही सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।साथ ही परीक्षा परिणाम समय पर घोषित करने व प्रवेश प्रक्रिया को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप पूर्ण करने को कहा गया है, ताकि समय पर पठन-पाठन शुरू किया जा सके। समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए उच्चाधिकारियों को कहा गया है। उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने शनिवार को अपने शासकीय आवास पर विभाग की बैठक ली। उन्होंने एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक चुनाव व एक दीक्षांत के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व उच्च शिक्षा निदेशक को शैक्षणिक कैलेंडर अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए। डा रावत ने कहा कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम घोषित करने व प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराने में आ रही दिक्कतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने मौके पर ही शासन के उच्चाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ ही एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स के गठन के साथ ही अन्य सामाजिक पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे युवाओं को नैतिक व सामाजिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा भी प्राप्त हो सकेगी। विभागीय मंत्री ने लोक पर्व हरेला पर प्रत्येक शिक्षण संस्थान में 20-20 पौधे रोपने पर बल दिया।

# श्रद्धा के साथ निकाली जगन्नाथ रथ यात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। इस्कॉन द्वारा निकाली गयी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का आदर्श कॉलोनी रामलीला ग्राउंड से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। रथ यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा में भागीदारी की। रथ यात्रा से वातावरण भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई आदर्श कॉलोनी में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि जगन्नाथ यात्रा में शहर के हजारों लोगों शामिल होकर पुण्य अर्जित किया है। रुद्रपुर की देवतुल्य धरती पर रथ



यात्रा के आयोजन से सकारात्मक उर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष सर्व मंगल दास प्रभु जी , चंद्रकांत अरोड़ा, पद माली प्रभु, हनीश ग्रोवर ,संजय ठुकराल,हितेश ग्रोवर आदि समेत तमाम लोग शामिल थे।

# पुलिस टीमों ने खेत खलिहानों में बोई भांग की खेती को किया नष्ट

## जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए भांग की खेती नहीं करने की अपील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में चरस के अवैध नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पुलिस ने भांग की खेती नष्ट करने का अभियान चलाया है, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा अपने खेत खलिहानों में बोई गई भांग की खेती को पुलिस द्वारा नष्ट करने की अपील की जा रही है। पुलिस द्वारा खेत खलिहानों में बोई गई भांग की खेती से अवैध चरस गांजे से नशे के कारोबार में बढ़ोत्तरी होने सेइसकी खेती प्रतिबंधित होने की बात कही जा रही है।वही लोगों को भांग की खेती नही करने, किसी भी तरह से बिना लाइसेंस के इसकी खेती करने पर कानून के तहत कानूनी कार्यवाही होने की बात लोगों को समझाई जा रही है।वही बिना के अनुमति के बोई जाने वाली भांग की खेती को गैरकानूनी बताया है। अभियान चलाकर कपकोट, गरुड़ कांडा पुलिस और एसओजी, सहित सभी पुलिस थानों में पुलिस टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बोई गई भांग की खेती को नष्ट करने का अभियान चलाया गया है। लोगों को अपने खेतों में चरस इत्यादि के विक्रय के लिए खेतों में भांग की खेती नही करने की भी अपील की जा रही है। पुलिस ने भांग की खेती नष्ट करने के लिए कांडा थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह के नेतृत्व में कांडा, धरमघर, रावत सेरा, कमेड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में पुलिस टीम के साथ बोई गई अवैध भांग की खेती को नष्ट किया गया, वही कपकोट थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट के नेतृत्व में रोजाना अलग अलग क्षेत्रों में गश्ती कर खेतों में उगाही गई भांग की खेती को नष्ट किया जा रहा है। वही कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा केवल भांग की पैदावार को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में घरेलू उपयोग के लिए एवं भांग से चटनी बनाने, दाल इत्यादि में पीसकर डालने हेतु भांग की पैदावार करने की बात भी कही जा रही है। साथ ही लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपयोग के लिए बोई भांग की खेती के अलावा अवैध शराब और चरस के नशा कारोबारियों द्वारा अवैध रूप से की जा रही भांग की खेती करने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिये। वही पुलिस ने किसी भी परिस्थिति में बिना लाइसेंस के भांग की खेती करने और चरस गांजे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए सख्ती बरतने और स्वयं भी लोगों को अपने खेत खिलहान में बोई गई भांग की खेती नष्ट किए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देशानुसार जनपद पुलिस द्वारा लगातार अवैध नशे के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष काण्डा श्री खुशवन्त सिह व एसओजी टीम से उनि श्री प्रहलाद सिह के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम व एसओजी टीम द्वारा ग्राम सिमकूना 06 नाली,ग्राम मढगोपेश्वर 04 नाली, ग्राम सानि उडियार तोक ल्वेसाल 10 नाली, कुल 20 नाली भांग की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया। इसी क्रम में थाना कपकोट पुलिस ने जिला स्तर पर भांग की खेती के विनिष्टीकरण हेतु गठित टीम को साथ लेकर ग्राम तल्ला बघर मे लगभग 50 नाली तथा चौकी रीमा पुलिस द्वारा ग्राम दयाली करौली में करीब 05 नाली भांग की खेती (करीब 55 नाली) भांग की खेती को अत्याधुनिक घास कटर मशीन एवं तलवार व दराती से काटकर पूर्ण रूप से नष्ट किया गया।







# तीसरे दिन भी युवक की तलाश में सर्च अभियान रहा जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवखड़ी नाले में बहे युवक की तलाश में कल पूरे दिन सर्च ऑपरेशन जारी रहा। प्रशासन के नेतृत्व में सिंचाई विभाग, जल संस्थान, एनडीआरएफ और फायर विभाग द्वारा पहले चरण में एसबीआई बैंक के पास से मुखानी तक और दूसरे चरण में मुखानी से सुशीला तिवारी के पास क्रियाशाला तक नहर के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया। विगत तीन दिन पूर्व भारी बारिश के कारण देवखड़ी नाले के तेज बहाव में बहे युवक की तलाश रविवार को भी जारी रही। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई और तहसीलदार सचिन कुमार के नेतृत्व में सर्च अभियान जारी रहा। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने बताया कि सर्च अभियान की शुरुआत नहर कवरिंग के क्षेत्र एसबीआई बैंक से शुरू की गई।



सर्वप्रथम नहर का पानी रोककर डी पंपिंग मशीन से पानी बाहर निकाला गया, इसके बाद मुखानी तक एनडीआरफ और फायर की टीमों में सर्च अभियान चलाया। इसके बाद मुखानी और क्रियाशाला क्षेत्र के नहर कवरिंग के सभी हेड खुलवाए गए और ऑक्सीजन सिलेंडर की सपोर्ट के साथ सर्च टीम को उतारा गया। इस दौरान नहर में पानी रोकने के कारण पेयजल संस्थान के फिल्टर प्लांट में भी पानी सप्लाई रोकने पड़ी जिसका प्रभाव पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ा। वही अंडरग्राउंड नहर में लगभग हर जगह तलाशी लेने के बाद भी तेज बहाव में बहे युवक का कोई पता नहीं चला। इस दौरान युवक के परिजनों को विश्वास में लेते हुए प्रशासन ने दो टीमों का गठन किया जो कि अब नहरों की ओपन साइड में अलग-अलग दिशा में सर्च अभियान चलाएंगे। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई ने बताया कि युवक की तलाश तक यह सर्च अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं ईई लोनिवि अशोक चौधरी ने बताया कि कालाढूंगी रोड पर चकलवा पर क्षतिग्रस्त पुलिया का 80 प्रतिशत कार्य दोपहर तक पूर्ण तक हो गया था। वर्तमान में हल्के वाहन यथा कार, मोटरसाइकल आदि हेतु यातायात वन वे में सुचारू कर दिया गया है। शाम को 3 बजे के लगभग गौला बैराज से पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई थी।

# गलत काम करने से रोकने पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर की छत पर महिला के गलत काम करने से मना करवाने पर उसने अपने परिजनों के साथ शिकायतकर्ता महिला व उसकी पुत्री पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शास्त्री नगर निवासी महिला ने बताया कि 13 जुलाई को रात्रि उसके मकान के सामने रहने वाली किरायेदारनी छत पर किसी के साथ गलत काम कर रही थी। जिस पर उसने उस मकान में रहने वाली दूसरी किरायेदारनी से शिकायत करी कि उससे मना करना छत पर ऐसे काम न करे। महिला का आरोप है कि गत रात्रि पहली किरायेदारनी के पति, मकान मालिक के बेटे, मकान मालकिन सभी लोगों ने मिलकर उसे व उसकी बेटी को मारपीटा। जिससे उनके शरीर पर गुम व खुली चोटे आयी है। किसी तरह दोनों ने अपनी जान बचायी।



# सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की संदिग्ध मौत

टनकपुर (उद संवाददाता)। टनकपुर में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव स्टेडियम के गेट पर लटका मिला। उसके करंट की चपेट में आने से मौत होने का अंदेशा जताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मूलरूप से भनार गांव जिला अल्मोड़ा, हाल नायकगोठ निवासी 21 वर्षीय विवेक भंडारी पुत्र देवेंद्र भंडारी आर्मी में भर्ती की तैयारी कर रहा था। वह लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया था। अब फिजिकल टेस्ट की तैयारी कर रहा था। इसके अभ्यास के लिए वह रोज सुबह स्टेडियम आता था। रविवार सुबह विवेक स्टेडियम के गेट पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उप जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार होने की वजह से स्टेडियम के गेट बंद थे। अंदेशा जताया जा रहा है कि अंदर जाने के लिए विवेक गेट पर चढ़ा तो बिजली लाइन की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने से उसकी वहीं मौत हो गई। मृतक के पिता देवेंद्र भंडारी और ताऊ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि वह रविवार सुबह करीब पांच



बजे अभ्यास के लिए घर से निकला था। उसके पैर पर भी गेट की नोक लगने से जख्म हो गया है।कोतवाल योगेश पाठक ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। प्रभारी सीएमएम डॉ. वीके जोशी ने बताया कि डॉ. आफताब अंसारी ने पोस्टमार्टम किया। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। टनकपुर में स्टेडियम में प्रवेश के लिए दो गेट हैं। इनमें एक गेट इंडेन गैस एजेंसी के पास और एक एफसीआई गोदाम के पास हैं। अवकाश के चलते गेट बंद थे। स्टेडियम के प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि स्टेडियम में तैनात पीआरडी जवान हीरा गिरि और दीपक आर्या जब सुबह हल्की बारिश के बीच गेट की ओर आए तो उन्हें गेट पर युवक लटका नजर आया। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बताया कि मृतक युवक स्टेडियम में किसी भी खेल का खिलाड़ी नहीं था।इंटर के साथ ही आईटीआई में मोटर मैकेनिक ट्रेड में अंतिम वर्ष में था विवेक के पिता देवेंद्र भंडारी ने बताया कि विवेक 12वीं कक्षा का छात्र था और आईटीआई में मोटर मैकेनिक ट्रेड में अंतिम वर्ष में था। इसके साथ ही वह एसएससी की तैयारी भी कर रहा था। परिवार में दो भाइयों में विवेक बड़ा था, उससे छोटा नितिन है।

# मोहर्रम पर शांति व्यवस्था के लिए बुलाई बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आने वाले मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति



की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित गणमान्यों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारे के प्रतीक हैं. उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा कि मोहर्रम मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े त्योहारों में एक है,इसे शांतिपूर्ण तरीके से लोग मनायें। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ द्वारा नगर में पार्किंग की व्यवस्था को लेकर चर्चा की । इस मौके पर प्रभारी उप निरीक्षक रिजवान खान,एसआई कपिल कम्बोज,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, महामंत्री संदीप चावला, पंकज सेतिया, प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी, प्रधान पति मोहम्मद शफीक, उमेश गुप्ता, मोहन लाल,शराफत अली, शकील अहमद,शकील सैफी,सलीम बाबा,शाकिर हुसैन, इब्ने अली,नाजिम ,इंतखाब हुसैन, जीशान अली,मो. सुलेमान,शाहिद अली,भारत भूषण,डॉ. शकील अहमद,आबिद अली,अयूब अंसारी,सुरेश समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# हरेला पर्व के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण

शक्तिफार्म। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में बाराकोली वन क्षेत्र सितारगंज के शक्तिफार्म अनुभाग में भारती देवी जूनियर हाई स्कूल रतन फार्म न.1 के विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ द्वारा जामुन, आम, नीम अमरूद, कटहल, अनार, बकेन आदि के लगभग 150 पौधे लगाये गये। इस अवसर पर वन दरोगा रामचन्द्र निषाद ने स्कूल स्टाफ एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रवंधक विश्वजीत सरकार ने कहा कि पर्यावरण



को सुरक्षित रखने के लिए वनों को बचाना बहुत आवश्यक है,साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण अवश्य करना चाहिये । पेड़ों की घटती संख्या चिंता का विषय है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक विश्वजीत सरकार ,प्रधानाचार्य हेमंतगाइन,प्रकाश,कनिका, मीनाक्षी,मीना,पूनम, रीमा,राहुल, मनीष ,रजनी,प्रियंका व वन विभाग से वन दरोगा रामचंद्र निशाद,भावेश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह,राजेश कुमार,दान सिंह सामंत ,निधिर रॉय,दीपक,हरदेव सिंह,केशर आदि उपस्थित थे।

# पंतनगर एयरपोर्ट के एटीसी इंचार्ज की संदिग्ध मौत के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर एयरपोर्ट के एटीसी इंचार्ज की संदिग्ध परस्थितियों में हुई मौत के मामले में परिजनों ने थाना पंतनगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों ने एटीसी इंचार्ज की मौत के पीछे साजिश की आशंका जताई है। बता दें एटीसी इंचार्ज आशीष चौसाली संदिग्ध हालातों में मृत पाए गए थे। 24 जून 2024 को पंतनगर एयरपोर्ट के आवासीय परिसर में एटीसी इंचार्ज आशीष चौसाली का संदिग्ध परस्थितियों में शव मिला था। इसके बाद परिजनों ने साजिश की आशंका व्यक्त करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। दरअसल 24 जून की सुबह में एटीसी इंचार्ज का शव उनके आवास में लटकता हुआ मिला था। आशीष चौसाली ने महिला की वेशभूषा रखी थी। पीएम रिपोर्ट में भी आशीष की मौत का कारण हैंगिंग से होना पाया गया है। अब परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में आशीष चौसाली के भाई संदीप चौसाली ने बताया है कि आशीष चौसाली पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी विभाग में अफसर पद पर तैनात थे। 24 जून की सुबह स्टाफ परिसर में बने आवास में उनका शव मिला था। उन्होंने बताया है कि घटना के दिन रात्रि में उनके साथ हल्द्वानी निवासी दो व्यक्ति भी मौजूद थे। आशीष चौसाली के भाई ने बताया कि वह एक उच्च शिक्षित, मेधावी और होनहार अधिकारी थे। उनका स्थानांतरण गृह जिला पिथौरागढ़ में एटीसी अधिकारी के रूप में हो गया था। उनका सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक स्तर उच्चकोटि का था। संदीप चौसाली ने कहा कि आशीष चौसाली से रात्रि लगभग 9:30 बजे तक पारिवारिक सदस्यों से फोन में बातचीत भी हुयी थी। तब कोई बात नहीं लगी कि वो तनाव में थे या फिर किसी तरह की परेशानी में थे। ऐसे व्यक्ति से आत्महत्या जैसा दुस्साहस करने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि आशीष विभागीय उच्च प्रशिक्षण हेतु घटना से लगभग 10 दिन पूर्व देहरादून भी गए थे। इस दौरान उनके खाते से 8 जून 2024 को 1,000 और 9 जून को 44 हजार रुपए निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सारा खर्चा विभाग द्वारा वहन किया जाता है। उन्होंने पुलिस से आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि मेरे बड़े भाई के खिलाफ कोई गहरी साजिश हुई है, जिसका पर्दाफाश होना अति आवश्यक है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम द्वारा चलाये गये औचक निरीक्षण अभियान में दो भवनों में विद्युत चोरी के मामले प्रकाश में आये। मामले में रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड ने कहा है कि विभागीय टीम में शामिल पारुल कुमार अवर अभियन्ता, रुप बसन्त लाईनकमी, अमित चन्द्र आर्या सहायक अभियन्ता सतर्कता सतर्कता कुमांउ क्षेत्र हल्द्वानी द्वारा ग्राम बगवाड़ा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी अज्ञात निवासी कौशल्या इन्कलेव फेज 2 बगवाडा तथा सुखप्रीत सिह पुत्र सुरेन्द्र सिह निवासी ग्राम बगवाडा के भवनों में विद्युत चोरी के मामले सामने आये । मौके पर केबल जब्त कर ली गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत वार्ड नंबर दो विवेकनगर आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या नौ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रोनोति विश्वास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली मेधावी तनिषा, तानिया ढाली, सलोनी को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्रीमती विश्वास ने कहा कि यही बेटियां कल का भविष्य हैं, आगे चलकर ये बेटियां क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान प्रोनोति विश्वास ने उपस्थित लोगों को नंदा गोरी योजना



की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 12वीं पास होने के पश्चात नंदो गौरी योजना का फार्म भरने पर उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 51 हजार रूपये की धनराशि डिजिटल माध्यम से बेटियों के खाते में भेजी जाती है। कार्यक्रम में सहायिका चंपा सरकार, मोहिनी, दीपा शिवास सहित अनेक महिलाएं थी।

# मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्काय एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड की राज्य की टीम पहलगाम कश्मीर में ट्रेनिंग सेमिनार व प्रतियोगिता के लिए गई थी जिसमें 19 खिलाड़ियों का दल पहलगाम कश्मीर गया था। सभी खिलाड़ियों ने अच्छी ट्रेनिंग के साथ-साथ पदक भी अर्जित किए। वापस आने पर उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉक्टर डीके सिंह के द्वारा ओलंपिक ऑफिस में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद हसन खान ने बताया कि पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों में सुदीस राय अंश पोखरियाल विशाल शर्मा जितेंद्र मौर्य आरुषि, ज्योति मेहरा,मोना कश्यप



आरती पुजारी मन्नत सती गरिमा कुंवर शिवचरण है। सभी विजेता खिलाड़ियों को डॉक्टर डीके सिंह द्वारा पदक पहनकर सम्मानित किया गया और संस्था के अध्यक्ष विकास शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पंकज भल्ला, दयाल सिंह, विद्या रानी, दिनेश सिंह, राजकुमार चौहान, मनीत कुमार, शांति देवी, नवदीप सिंह आदि अभी अभि भावक व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## असहिष्णुता और सद्भाव

राजनीति में दो विरोधी दलों का विचारधारा और मुद्दों के स्तर पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े होना स्वाभाविक है। मगर वे भाषा के स्तर पर इस हद तक चले जाएं कि उससे उपजी कड़वाहट सामान्य व्यवहार और बोली तक को बुरी तरह प्रभावित करने लगे, तो यह निश्चित रूप से लोकतांत्रिक माहौल को भी बाधित करेगा। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश की राजनीति में ऐसा माहौल बन रहा है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी दलों में मुद्दों पर उठी बात को उचित संदर्भ में देख-समझ कर एक परिपक्व राय या प्रतिक्रिया देने के बजाय दोनों पक्षों के समर्थक आपस में दुश्मन की तरह पेश आने लगते हैं। ऐसे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक नई परिपाटी शुरू की है, जिसे कड़वाहट से भरी राजनीतिक दुनिया में एक नई बयार की तरह देखा जा सकता है। गौरतलब है कि अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव हारने के बाद से भाजपा नेता स्मृति ईरानी के लिए सोशल मीडिया पर कुछ अवांछित भाषा का प्रयोग हो रहा था। राहुल गांधी ने इसी संदर्भ में 'एक्स' पर लिखा कि जीवन में जीत और हार होती रहती है, मैं सभी से गुजारिश करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता को लेकर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने से बचें। जाहिर है, मुद्दा आधारित राजनीति के बजाय आरोप प्रत्यारोपों में घुलती असहिष्णुता जब विषैली भाषा के रूप में सामने आने लगे और संवाद तक की गुंजाइश खत्म होने लगे तो ऐसे में अपने राजनीतिक विरोधी नेताओं के प्रति इस तरह की उदारता वक्त की जरूरत है। मगर राहुल गांधी की इस टिप्पणी को सकारात्मक संदर्भ में लेने के बजाय भाजपा के एक नेता की ओर से जैसी नकारात्मक प्रतिक्रिया आई, उसे सद्भाव के विरुद्ध ही माना जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि शीर्ष नेताओं की भाषा, उनके विचार और व्यवहार आम जनता के लिए एक स्तर पर सामाजिक-राजनीतिक प्रशिक्षण का काम करते हैं। नेता जैसा विचार जाहिर करते हैं, उनके समर्थकों का मानस भी वैसा ही बनता है। इस लिहाज से अपने राजनीतिक प्रतिपक्षी नेताओं के लिए शालीन भाषा का प्रयोग करने की राहुल गांधी की सलाह सद्भाव आधारित राजनीति और लोकतांत्रिक माहौल को मजबूत करने की कोशिश है।

# कैमिस्ट एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गरुड़ के बैजनाथ अस्पताल के समीप और गरुड़ बाजार में प्रमुख दवा व्यवसायी व कैमिस्ट् एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ मोहन सिंह रावत का आकस्मिक निधन हो गया।उनके निधन के समाचार सुनते ही कैमिस्ट एसोसिएशन ने गहरा शोक जताते हुए शोक व्यक्त किया।वही जिले में केमिस्टों ने



उनके निधन पर शोक जताते हुए अपनी मेडिकल दुकानों को कुछ समय बन्द रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। निधन की सूचना मिलते ही कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोकुल जोशी ने पूर्व जिलाध्यक्ष डा. मोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए उनके कार्यकाल में जिले में संगठन के मजबूत होने, एसोसिएशन की लंबित समस्याओ के समाधान के लिए उनके द्वारा लगातार संघर्ष किए जाने से कैमिस्टों की समस्याओं का समाधान हुआ, और वे लगातार संगठन हित के लिए कार्य करते रहे।उनके निधन की सूचना पर कैमिस्टों ने अपने मेडिकल शॉप को शोक में दो घण्टे बन्द रखा,वहीं उनके निधन पर गरुड़ बाजार में शोक में व्यापारियों ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखे। उनके निधन पर कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोकुल जोशी,भुबन जोशी, कैलाश कोरंगा, महेश खेतवाल, जीवन गड़िया, कमल परिहार, नरेंद्र चौहान, पंकज तिवारी,हरीश खुल्बे, नन्दन कांडपाल धीरज गोस्वामी सहित व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी ने मृतक आत्मा की शांति की कामना की।

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल



भारत का पड़ोसी देश नेपाल जबसे कम्युनिस्ट देश बना हैं, तब से चीन के दबाव के चलते वहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वास मत प्राप्त करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप सीपीएन-यूएमएल नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। सीपीएन- यूएमएल ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर नई सरकार बनाने का समझौता कर लिया है। इस समझौते की शर्त के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके हैं। साफ है, नेपाल के हालात दुरुस्त नहीं है। वहां हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग भी लगातार उठ रही है। इधर चीन नेपाल को कर्ज देकर अपने शिकंजे में कसता जा रहा है। पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इस समय नेपाल और भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुसरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़त प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है। गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू- मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल सात साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे ? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरुआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरुआत भी हो गई थी। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री रहते हुए चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी थी, बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा ? हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। यही वजह है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 में हुई सुलह, शांति और दोस्ती की संधि आज भी कायम है। नेपाल और भूटान से जुड़ी 1850 किमी लंबी सीमा रेखा बिना किसी पुख्ता पहरेदारी के खुली है। बावजूद चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह कोई विवाद नहीं है। बिना पारपत्र के आवाजाही निरंतर जारी है। करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं। 3000 नेपाली छात्रों को भारत हर साल छात्रवृत्ति देता है। नेपाल के विदेशी निवेश में भी अब तक का सबसे बड़ा 47 प्रतिशत हिस्सा भारत का है। बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेपाल का झुकाव चीन की ओर बढ़ता जा रहा है। हालांकि नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2014 में नेपाल की यात्रा करके बिगड़ते संबंधों को आत्मीय बनाने की सार्थक पहल की थी, किंतु भारतीय मूल के मधेशियों के आंदोलन ने इस पर पानी फेर दिया था। अब नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरुआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए हैं। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकी मदद देने को राजी हो गया है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाषा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# कैंसर से डरने की नहीं, लड़ने की जरूरत : राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को एम्स, ऋषिकेश के यूरोलॉजी विभाग के तत्वावधान में यूरोलॉजिकल कैंसर विषय पर जन जागरूकता के उद्देश्य से 'क्लोज द केयर गैप' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने यूरोलॉजी विभाग द्वारा यूरोलॉजिकल कैंसर के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के लिए लिखित पुस्तक 'आशा और उपचार' का विमोचन व हेल्पलाइन नंबर 8126542780 भी जारी किया एवं विभाग द्वारा कैंसर जागरूकता हेतु लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में यूरोलॉजिकल कैंसर की बीमारी को मात देकर स्वस्थ हो चुके लाभान्वितों ने बीमारी के दौरान व रोबोटिक माध्यम द्वारा सर्जरी होने के बाद मिले स्वास्थ्य लाभ के अनुभव को अन्य लोगों के समक्ष साझा किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में 'होप एंड हीलिंग: अनलॉकिंग द मिस्टीरिज ऑफ यूरोलॉजिकल कैंसर्स' पुस्तक का अनावरण भी किया जा रहा है। इस पुस्तक का अनावरण मातृभाषा हिंदी में 'आशा और उपचार: मूत्र संबंधी कैंसरों के रहस्यों को उजागर करना' के नाम के साथ भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में मूत्र सम्बन्धी कैंसरों के जोखिमों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है, जो निदान, उपचार और अनुसंधान में नवीनतम प्रगति का व्यापक अवलोकन




प्रदान करेगी। इस क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा लिखित, यह पुस्तक चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, छात्रों और आम जनता के लिए भी अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार गांवों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर विकसित कर रही है। करीब सवा लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर काम करना शुरू भी कर चुके हैं। देशभर में फैले इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में करोड़ लोगों की कैंसर के लिए जांच की जा चुकी है। केंद्र सरकार देश के हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। एक समय देश में सिर्फ 7 एम्स थे। आज ये संख्या भी बढ़कर 20 से अधिक हो गई है। सिर्फ कैंसर अस्पतालों की बात की जाय तो केंद्र सरकार ने देशभर में लगभग 40 विशेष कैंसर संस्थानों को मंजूरी दी है, जिनमें से कई अस्पतालों ने सेवाएं देना शुरू भी कर दिया है। राज्यपाल ने कहा कि हम सबका अनुभव है कि बीमारी की स्थिति में गरीबों को अपना घर या जमीन बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इसलिए सरकार ने मरीजों को सस्ती दवाइयां और इलाज उपलब्ध कराने पर भी उतना ही जोर दिया है। आयुष्मान भारत ने गरीबों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। इसमें कैंसर के अनेक मरीज भी शामिल हैं। राज्यपाल ने कहा कि पूरे देश में जन औषधि केंद्रों का नेटवर्क है, जहां कैंसर की दवाइयां भी बहुत कम कीमत पर मिल रही हैं। कैंसर की दवाओं की कीमतों में करीब-करीब 90 प्रतिशत की कमी की गई है। देशभर में करीब 9 हजार जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाइयां मिलने से गरीबों की दिक्कतें भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर मरीज को समय पर और कम से कम परेशानी के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। अब देश में मेड इन इंडिया 5जी सेवाएं शुरू की जा रही हैं, इससे सुदूर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कैंसर से डरने की नहीं, उससे लड़ने की जरूरत है। इसका इलाज संभव है। समय पर पहचान और समय पर इलाज ही इस रोग का समाधान हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहां हमेशा से कहा जाता रहा है कि बीमारी से बचाव ही सबसे अच्छा इलाज है। इसी सोच के साथ देश में प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर इतना जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब हम रोकथाम के लिए काम करेंगे तो बीमारियां भी कम होंगी। राज्यपाल ने डाक्टर्स से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि हमें कैंसर से होने वाले डिप्रेशन से लड़ने में मरीजों और उनके परिवारों की मदद करनी है। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों और हेल्थकेयर से जुड़े साथियों से कैंसर के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नियमित तौर पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें। किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण नजर आने पर शीघ्रता से विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने बताया कि मूत्र रोग से संबंधित समस्याओं को बताने में लोग अक्सर संकोच करते हैं, इससे बीमारी और ज्यादा बढ़ती है लिहाजा हमें बीमारियों को लेकर संकोच को छोड़ना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के बीएससी नर्सिंग की छात्राओं द्वारा प्रोस्टेट कैंसर की जानकारी एवं इलाज के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन सचिव व यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर मित्तल ने यूरोलॉजिकल कैंसर के लक्षणों, इलाज व सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग इस बीमारी के जड़मूल के लिए सततरूप से कार्य कर रहा है और अब तक विभाग में मूत्र रोग से जुड़े 500 से अधिक रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. एस. उमाशंकर, डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल, एम्स ऋषिकेश के शिक्षक, विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर करें निरीक्षण : विनोद कुमार

## आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव ने सभी जनपदों में ब्लॉक स्तर पर टीमें गठित करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद



कुमार सुमन ने कड़ा रुख अपनाया है। धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के निर्देश पर शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। श्री सुमन ने सभी जिलों को आपदा को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि शुक्रवार शाम विभिन्न शोसल मीडिया प्लेटफार्म में धारचूला तहसील स्थित कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की सूचना प्रसारित हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तुरंत जिला प्रशासन को अलर्ट किया। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने इस घटना को लेकर जानकारी जुटाई तो यह सूचना गलत पाई गई। उन्होंने बताया कि भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सचिव श्री सुमन ने बताया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 54 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति आपदाओं को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करता है तो दोषसिद्ध होने पर एक साल की जेल और जुर्माने का भी प्रावधान है। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) श्री आनंद स्वरूप ने विभिन्न बांधों के सायरनों की नियमित तौर पर टेस्टिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन) श्री राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, एसईओसी के दिवस प्रभारी श्री मनीष भगत, श्री रोहित कुमार, श्री हेमंत बिष्ट मौजूद थे। सभी जिलों के डीडीएमओ ने बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग किया। आपदा के बाद जन हानि, पशु हानि या संपत्ति की हानि होने पर सहायता धनराशि प्रभावितों तक चौबीस घंटे के अंदर पहुंचे, इसके लिए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने सभी जनपदों में ब्लॉक स्तर पर टीमें गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह टीम आपदा आने के तुरंत बाद मौके पर जाकर सर्वे कर नुकसान का आकलन करेगी। उन्होंने ऊधमसिंह नगर जिले में बाढ़ प्रभावितों को सहायता राशि मुहैया कराने के लिए और अधिक टीमें गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीमा कंपनियों के स्तर पर क्लेम निस्तारण में विलंब का भी संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियां तुरंत सर्वे कर क्लेम का निस्तारण करें, जिलों के स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने आपदा के दौरान पशु हानि होने पर मृत पशुओं का मौके पर जाकर पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में मृत पशुओं को पशु चिकित्सालय तक लाना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि पशु बीमा के मामलों का भी बीमा कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियाएं क्षतिग्रस्त होने के कारण इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िये जल लेने गोमुख नहीं जा पाएंगे। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियाएं क्षतिग्रस्त हैं, लिहाजा सुरक्षा के दृष्टिगत कांवडिये इससे आगे नहीं भेजे जाएंगे। उन्हें गंगोत्री से जल भरकर लौटना होगा। आईआरएस यानी इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम का जल्द नोटिफिकेशन जारी होगा। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि प्राधिकरण की अगली बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही इसका नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। सल्ट, चौखुटिया, भिकियासैंण और इसके आसपास के इलाकों में आपदा के समय एसडी आरएफ के जवान तुरंत राहत और बचाव कर सकें, इसके लिए सचिव आपदा प्रबंधन ने भिकियासैंण में एसडीआरएफ के जवान तैनात करने के निर्देश दिए। डीडीएमओ अल्मोड़ा विनीत पाल के सुझाव पर उन्होंने कसारदेवी में तैनात एसडीआरएफ बटालियन से जवान भिकियासैंण में तैनात करने के निर्देश दिए।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।अवैध शराब बेची तो हो जाओ सावधान, कोतवाली पुलिस क्षेत्र में अब अवैध धंधा करने वालों की खैर नही, कोतवाली पुलिस ने अब अवैध रूप से शराब की तश्करी करने,कराने वाले, अवैध रूप से रेता बजरी का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है, नगर सहित कोतवाली क्षेत्र में अब पुलिस ने अवैध धंधों को संचालित करने और कराने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है, कोतवाली पुलिस ने एक विशेष रणनीति बनाकर अवैध धंधों में लिप्त लोगों की कुंडली बनाकर उनके संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर नगर क्षेत्र और आसपास में अवैध मादक पदार्थो और अवैध खनन का काला कारोबार करने वालों को चिन्हित कर धड़पकड़ करने के लिए प्रभारी निरीक्षक कैलाश नेगी और उनकी विशेष टीम द्वारा अपने मुखबिरों के द्वारा अवैध धंधा करने वालों पर शिकंजा कसने की मुहिम शुरू कर दी है, कोतवाल कैलाश नेगी ने सख्त लहजे में अब अवैध



धंधा कर मोटी रकम कमाने वालों को चेतावनी देते हुए सुधर जाए वरना पुलिस सुधरेगी की नीति शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थों की बिक्री/ तस्करी पर प्रभावी रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए गए अभियान में मंडलसेरा बाईपास तिराहे पर चौकिंग के दौरान महेश सिंह राणा पुत्र गोविन्द सिंह राणा निवासी ग्राम बालीघाट, के कब्जे से 56 पव्वे 8 पीएम बरमूडा, और रम के पव्वे बरामद किए।जिसके बाद पकड़े गए आरोपी के खिलाफ60 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया।इस दौरान पुलिस टीम में उपनिरीक्षक केशव प्रसाद,हेड कॉन्स्टेबल जय कुमारचीता पुलिस टीम के जवान गिरीश बजेली और चालक मनीष गोस्वामीआदि मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र में विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिद्वार(उद संवाददाता)। ब्रह्माकुमारी की मुख्य प्रशासिका एवं विदेशी जर्मनी चैप्टर की निदेशक सुदेश दीदी ने कहा कि आध्यात्मिकता मनुष्य को अंधकार से रोशनी की ओर ले जाती है। मनुष्य समाज में व्याप्त ईर्ष्या राग द्वेष जैसे पापों से मुक्ति आध्यात्मिकता से ही पा सकता है। वे आज हरिद्वार में मिस्सरपुर गांव में स्थित ब्रह्माकुमारी अनुभूति धाम में एक विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने हिंदू धार्मिक ग्रंथो एवं गुरुग्रंथ साहिब की वाणी के उदाहरण देते हुए कहा कि स्वराज परमात्मा और आत्मा के मिलन से ही आता है। आत्मा ऐसी जोत है जो हमें परमात्मा से मिलाती है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महा निर्वाणी पंचायती अखाड़ा कनखल के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कृष्ण और सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि अहंकार मनुष्य को परमात्मा से मिलने नहीं देता है। आत्मा और परमात्मा के मिलन में अहंकार ही सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि अहंकार परमपिता परमेश्वर का भोजन है। मनुष्य अहंकार का विनाश करने के बाद ही परमात्मा को पा सकता है। उन्होंने सत्संग का महत्व बताया। गरीबदासी आश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी डॉ हरिहरानंद महाराज ने कहा कि आध्यात्मिकता अंतर्मुखी है और धार्मिकता बाह्यमुखी है। समाज में परिवर्तन अध्यात्म और धार्मिकता दोनों से ही आता है। निर्मल संतपुरा के अध्यक्ष महंत जगजीत सिंह शास्त्री महाराज ने कहा कि कोई भी धर्म हो वह हमें परमात्मा से मिलने का ही रास्ता दिखाता है। गुरुवाणी में कहा गया है कि गुरु ही मनुष्य को परमात्मा से मिलाता है। श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि संतों का सानिध्य ही आत्मा को परमात्मा के मिलने का एक प्रमुख रास्ता है। सत्संग का जीवन में बहुत महत्व है। आध्यात्मिकता समाज को नई दिशा देती हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी केंद्र हरिद्वार की प्रमुख मीना दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। और अतिथियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मा कुमार सुशील ने किया। इस अवसर पर साध्वी पवित्रता, देहरादून ब्रह्माकुमारी केंद्र की प्रभारी मंजू दीदी , अभिषेक आदि ने विचार रखें।

## पांडे का बगीचा में किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने पांडे का बगीचा मंगल पड़ाव में पौधा रोपित



किया। उन्होंने इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया। वार्ड 16 बाजार क्षेत्र के मंगल पड़ाव में आयोजित कार्यक्रम में पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सतर्क पहल है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति दोहन के चलते बहुत से दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। ऐसे में इस पहल में सहयोगी बनते हुए सभी को पौधे रोपित करनेचाहिए और पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभानी चाहिए।

## दिशा की बैठक 18 जुलाई को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में 18 जुलाई को प्रातः 11 बजे से डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित होगी जिसमें केंद्र सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों/ योजनाओं की समीक्षा की जाएगी । उन्होने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे सभी सूचनाओं सहित पूरी तैयारी के साथ स्वंय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## नगर पंचायत ने विभिन्न स्थानों में रोपे दर्जनों पौधे

गरुड़(उद संवाददाता)। नगर पंचायत गरुड़ ने विभिन्न स्थानों में दर्जनों पौधे रोपे। इस मौके पर ईओ राजेश कुमार जोशी ने कहा कि पौधे जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि रोपित पौधों का संरक्षण करें और उन्हें पेड़ बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस मौके पर बांज, फल्याट, उतीस समेत विभिन्न प्रजाति के दर्जनों पौधे रोपे गए। इस दौरान कविता पांडे, किशन सिंह बिष्ट, गणेश सिंह, प्रकाश, कुंदन, पंकज, ललित, विजय, दिनेश आदि मौजूद थे।



## कांग्रेस की जीत पर मिष्ठान वितरित

किच्छा(उद संवाददाता)। मंगलौर व बद्रीनाथ विधान सभा सीट पर उपचुनाव में काग्रेस प्रत्याशियों की जीत पर नगर कांग्रेस द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा की जनता विरोधी नीतियों के कारण जनता द्वारा भाजपा प्रत्याशियों की विरुद्ध मतदान किया



गया है। आम जनता भाजपा की नीतियों से त्रस्त है जिसमें व्यापारी कर्मचारी तथा आम आदमी पिस रहा है। कांग्रेस के तीनों नेताओं ने आगे कहा कि जनता द्वारा उपचुनाव में मतदान करके यह बताया है कि धर्म के नाम पर वह जाति के नाम पर राजनीति पर सत्ता पर काबिज होना मुश्किल है जो भी धर्म और जाति की राजनीति करेगा जनता उसे नकार देगी । इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश तिवारी (गुड्डू) ब्लाक अध्यक्ष, मो आरिफ, सरवर हुसैन,जमीर अहमद,अक्षय बाबा,राजकुमार , त्रिपत सिंह गंभीर,दलीपं सिंह बिष्ट,अभय कुमार सिंह उर्फ रामबाबू, नितिन शर्मा,दलजीत सिंह, दीप हंसपाल, प्रवीन वर्मा,अशोक मित्रा, बंटी पपनेजा,एन यू खान, ओमप्रकाश पप्पू, फजील खान,तस्लीम रजा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**भाजपा ने निकाय चुनाव..**प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और व्यक्ति अंतिम की भावना से कार्य कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से प्रदेश में पार्टी को नई मजबूती और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। समाचार लिखने तक बैठक जारी थी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विजय बहुगुणा, राज्य सभा सदस्य नरेश बंसल, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज लक्ष्मी शाह, त्रिवेन्द्र रावत के अलावा सभी विधायक, प्रदेश प्रभारी एवं जिला स्तर के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**शातिर ठगों ने ...**युवक अपने साथी का पता लगाने को कहकर बाईक से चला गया। उनके जाने के बाद जब डाक्टर को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने वहीं मौजूद लोगों को बताया और परिजनों को भी इसकी जानकारी दी। मामले की सूचना पुलिस को देने के बाद डाक्टर ईश्वर ने बताया कि घटनास्थल के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जिनकी मदद से पुलिस दोनों युवकों का पता लगा सकती है। ज्ञात हो कि डा. ईश्वर मल्लिक वर्ष 1998 से 2003 तक तत्कालीन पालिकाध्यक्षा नसरीन कुरैशी के कार्यकाल में वार्ड के सभासद के रूप कार्य कर चुके हैं।

**अमरनाथ यात्र से लौटे...**अग्रवाल ,अंजू छाबड़ा ,निकिता अरोड़ा ,दिव्यांशी अरोड़ा, तरुण चुघ, मनोज मदान राज कोली आदि का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान धार्मिक जयघोषों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। वेद ठुकराल किरन विर्क, राजकमार साहा, मयंक कक्कड़, सोनू वर्मा, पवन गावा, संजय जुनेजा, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, कृष्ण मुरारी धीर, गुरूशरण बब्बर, राजू अरोरा, राजकुमार सीकरी, आशु गुम्बर, रोहित गुम्बर, राजेश कामरा, मनोज मदन सहित श्री सनातन धर्म सभा, दुर्गा मंदिर सभा, बद्री केदार सेवा समिति, उद्योग व्यापार मण्डल, देवभूमि व्यापार मण्डल के कई पदाधिकारी शामिल थे।

**पेड़ से लटका...**गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शव गृह पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी।

**बाइक सवार उच्चकों...** पहना था जबकि दूसरा बिना हेलमेट हुए था। हरविंदर सिंह ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल में कोर्ट से सम्बंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

## चलती ट्रेन में महिला के गले से चेन झपटी

हल्द्वानी। रानीखेत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही एक महिला के गले से उच्चके ने सोने की चेन झपट ली और फरार हो गया। महिला के पति ने जीआरपी रेवाड़ी में शिकायत दर्ज कराई है। जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। रामनगर कुतुबपुर रेवाड़ी थाना रामपुरा निवासी सोमेंद्र सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है कि वह 13 जून को अपनी पत्नी के साथ रानीखेत एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। तभी अंधेरे का फायदा उठाकर एक उच्चका उसकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रेडियो एक्टिव उपकरण बेचने वाले राशिद को किया गिरफ्तार

## डिवाईस की खरीद फरोख्त के मामले में अब तक छह गिरफ्तार, श्वेताभ सुमन भी है शामिल

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून के राजपुर क्षेत्र में एक फ्लैट में मिले रेडियो एक्टिव उपकरण मामले में पुलिस ने एक और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में आरोपी का नाम सामने आया था। आरोपियों ने पुलिस को जानकारी दी थी की आखिर किस से उसने उक्त उपकरण खरीदा है। जिसके बाद पुलिस ने सम्बंधित को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी की पहचान राशिद पुत्र जाहिद हसन निवासी सहारनपुर के रूप में हुई है। रेडियो एक्टिव उपकरण मामले में पुलिस ने पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि उनके द्वारा उक्त डिवाइस को सहारनपुर निवासी राशिद से खरीद कर लाया गया था। इसके साथ ही पुलिस को उक्त प्रकरण में कुछ अन्य लोगो के भी शामिल होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर प्रकाश में आए आरोपी राशिद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था, जिससे उक्त घटना के सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस और अन्य एजेंसियों द्वारा पूछताछ की गई। पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम को आरोपी राशिद के अपराध में सम्मिलित होने के साक्ष्य मिले। जिसके आधार पर राशिद के खिलाफ केस दर्ज कर अरेस्ट कर लिया है। राजधानी देहरादून के राजपुर क्षेत्र के ब्रुक एण्ड वुडस सोसाइटी से बरामद हुए रेडियो एक्टिव डिवाइस को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस को उपकरण पर निर्माता का नाम बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटॉप टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, बीएआरसी बीआरआईटी वाशी कांप्लेक्स सेक्टर 20 वासी नवी मुंबई लिखा हुआ मिला। इस दौरान नरोरा एटॉमिक पावर स्टेशन की में ये भी खुलासा हुआ है कि रेडियो एक्टिव डिवाइस चार्ज था। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रैम का परीक्षण नरोरा एटोमिक पावर स्टेशन की रेडिएशन इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने किया है। परीक्षण में रैम में तरल पदार्थ होने की बात सामने आई है। डिवाइस में केमिकल की खिलाफ धाराएं बढ़ाई है। एसएसपी ने कहा मुख्य आरोपी पूर्व अधिकारी श्वेताभ सुमन को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रेडियो एक्टिव उपकरण मामले में सहारनपुर से राशिद को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आया था कि उसने सहारनपुर निवासी राशिद से ये उपकरण सस्ते दामों में खरीदा था। जिसे करोडों में बेचने की डील की तैयारी थी। पूछताछ में राशिद का नाम सामने आने पर पुलिस ने सहारनपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया। रविवार को राशिद से पूछताछ





पूछताछ में पता चला की पांच लाख रुपये में खरीदे गए रेडियो एक्टिव डिवाइस को करोड़ों रुपए में बेचने की तैयारी चल रही थी। इस सौदे में पूर्व आयकर आयुक्त श्वेताभ सुमन का नाम भी सामने आया है। जानकारी के लिए बता दें श्वेताभ सुमन वहीं अधिकारी हैं जो आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा काट रहें हैं। टीम और एसडीआरएफ की टीम ने भी पहुंचकर जांच की थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में पांचों आरोपियों ने इस बात को भी कबूला है कि पूर्व आईटी अधिकारी ने उन्हें अपने प्रभावशाली होने का भरोसा दिया। उन्होंने था कहा कि उनके मकान में पुलिस कभी हाथ नहीं डाल सकती। पुलिस की जांच जांच भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर ने की। जांच टीम ने बिना किसी मापदंड के डिवाइस में गलत तरीके से केमिकल का उपयोग किए जाने की रिपोर्ट दी है। डिवाइस के साथ ही रेडियोग्राफी कैमरा भी मिला है। पुलिस ने आरोपी सुमित पाठक, तबरेज आलम, सरवर हुसैन, जैद अली और अभिषेक जैन के संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अलावा राशिद से अन्य एजेंसियों ने भी पूछताछ की। पूछताछ में कुछ साक्ष्य मिले हैं। इस मामले में अब तक छह गिरफ्तारी हो चुकी हैं। कई संदिग्ध पुलिस की रडार पर हैं। रेडियो एक्टिव उपकरण मामले में मुख्य आरोपी तबरेज से पूछताछ में सामने की गई। सूत्रों के मुताबिक आरोपी राशिद ने पूछताछ में बताया कि उसने आरोपी तबरेज को उपकरण नहीं बेचा था। तबरेज के साथ किसी अन्य ने उपकरण को अपने ही घर पर ही बनाया था। राशिद से पूछताछ के बाद मामले में पुलिस अब पहले पकड़े गए पांचों आरोपियों का कस्टडी रिमांड लेकर पूछताछ करेगी।

# सीएम धामी ने बीकेटीसी अध्यक्ष से की विवाद सुलझाने की अपील

## दिल्ली में मंदिर निर्माण पर देवभूमि में घमासान

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ के नाम से दिल्ली के बुराड़ी में बन रहे मंदिर को लेकर पिछले कई दिनों से उठ रहे विवाद पर राज्य सरकार ने हस्ताक्षेप किया है। दिल्ली में एक संस्था द्वारा उत्तराखंड के द्वादश ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के अनुरूप मंदिर बनाने और लोगों से चंदा दान करने की चर्चाओं से कई वर्गो ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। दरअसल दिल्ली में बन रहे मंदिर के प्रबंधन ने ने चंदे के लिए क्यूआर कोड जारी किया था। जिसके बाद हर तरफ इसका विरोध शुरू हो गया था। केदारघाटी में भी कई दिनों से धरना-प्रदर्शन हो रहा है, जिसके बाद अब मुख्यमंत्री ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि बाबा केदार सबकी आस्था के प्रतीक हैं। दुनिया में कहीं भी दूसरा केदारनाथ धाम नहीं हो सकता। बाबा केदार के किसी भी नाम से कोई भी मंदिर बन जाए, तो उससे धाम की महिमा पर कोई असर नहीं पड़ सकता। फिर भी चूंकि यह आस्था से जुड़ा मामला है, इसलिए मैंने बीकेटीसी से संबंधित लोगों से वार्ता कर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। वहीं, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस मामले में सीएम धामी के दिशा-निर्देश मिले हैं। कानूनी सलाह ली जा रही है। बदरी-केदारनाथ के नाम या फोटो का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाबा केदार हम सबकी आस्था के प्रतीक हैं। उत्तराखंड के अलावा देश-दुनिया में कहीं भी केदारनाथ धाम नहीं हो सकता है। आशुतोष भगवान शिव के समस्त रूपों की पूजा का अधिकार सभी को है, इसलिए प्रभु के किसी भी नाम को लेकर कोई मंदिर बन जाए तो उससे धाम की महिमा पर कोई असर नहीं पड़ सकता, फिर भी चूंकि यह आस्था का मामला है, इसलिए बीकेटीसी से संबंधित लोगों से वार्ता कर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। गौरतलब है कि पिछले दो दिन से केदारनाथ धाम के नाम पर दिल्ली में किये गये मंदिर के शिलान्यास के बाद विरोध के स्वर तेज हो गये हैं। तीर्थ पुरोहितों के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों व हक हकूकधारियों ने चारधाम के किसी भी मंदिर की प्रतिमूर्ति का अपयोग करने वालों के खिलाफ विरोध किया और राज्य सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।



# अनंत अंबानी ने अपने दोस्तों को रिटर्न गिफ्ट में दी दो करोड़ की घड़ी

## शुभ आशीर्वाद सेरेमनी में देश-विदेश से मेहमान हुए शामिल

मुंबई। देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंध गए। दोनों की 13 जुलाई को आशीर्वाद सेरेमनी हुई। ऐसे में इस बिग फैट वेडिंग में आध्यात्मिक गुरु से लेकर अभिनेता नेता और और बड़े बिजनेसमैन ने शिरकत की। अंबानी परिवार ने अपने छोटे बेटे अनंत की शादी में पानी की तरह पैसा बहाया है। ऐसे में अनंत ने अपने दोस्तों को रिटर्न गिफ्ट में करोड़ो की घड़ी दी हैं। बता दें कि अनंत अंबनी और राधिका मर्चेंट की शादी धूमधाम से हो गई है। इस शादी में कोई कमी ना रह जाए इसके लिए एशिया के अमीर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने खूब पैसा खर्च किया है। ऐसे में अनंत ने अपनी शादी में आए दोस्तों को रिटर्न गिफ्ट में बेशकीमती घड़ी दी हैं। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बता दें कि घड़ी की कीमत लाखो में नहीं बल्कि कोरोड़ो में है। इस बेशकीमती 18 कैरेट की गोल्ड वॉच अनंत के 25 दोस्तों को दी गई है। जिसमें शाहरुख खान, रणवीर सिंह और सलमान खान शामिल है। इन सभी को दो करोड़ की वॉच रिटर्न गिफ्ट में मिली है। एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें दूल्हे अनंत के दोस्त अपनी करोड़ो की वॉच को फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। रणवीर ने अपनी एक तस्वीर भी शेयर की है। जिसमें वो अपनी गिफ्ट वाली वॉच को फ्लॉन्ट करते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि अनंत और राधिका की शादी के बाद दोनों की शुभ आशीर्वाद की सेरेमनी हुई थी। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा आध्यात्मिक गुरु से लेकर अभिनेता और कई नेता नवविवाहित कपल को आशीर्वाद देने आए थे।





